केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
CENTRAL POLLUTION CONTROL BOARD
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार
MINISTRY OF ENVIRONMENT FOREST & CLIMATE CHANGE GOVT OF INDIA

फा.सं.सी-ओएल-15013/1/2021-ओएल-एचओ-सीपीसीबी-एचओ/332 दिनांक : 05/09/2024

परिपत्र

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिनांक 07.08.2024 के परिपत्र के अनुक्रम में, यह सूचित किया जाता है कि मुख्यालय में दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2024 के दौरान हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी नियत की गई हैं :

प्रतियोगिता का नाम	:	तिथि व स्थान
वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता **विषय: पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की उपयोगिता**	:	**दिनांक 17.09.2024 (मंगलवार) प्रात: 11.00 बजे बजे भू-तल स्थित प्रशिक्षण कक्ष (ट्रेनिंग हॉल)**
हिंदी टिप्पण-आलेखन/पत्राचार प्रतियोगिता	:	**दिनांक 18.09.2024 (बुधवार) प्रात: 11.00 बजे भू-तल स्थित प्रशिक्षण कक्ष (ट्रेनिंग हॉल)**
कंठस्थ ऐप प्रश्नोत्तरी एवं अनुवाद प्रतियोगिता	:	**दिनांक 19.09.2024 (गुरूवार) प्रात: 11.00 बजे भू-तल स्थित प्रशिक्षण कक्ष (ट्रेनिंग हॉल)**
हिंदी वाक्यांश एवं अभिव्यक्तियां लेखन प्रतियोगिता	:	**दिनांक 20.09.2024 (शुक्रवार) प्रात: 11.00 बजे भू-तल स्थित प्रशिक्षण कक्ष (ट्रेनिंग हॉल)**

प्रतियोगिताओं हेतु नियम एवं शर्तें:

- **"वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख" प्रतियोगिता:**

1. इस प्रतियोगिता में प्रतियोगिता स्थल पर उपर्युक्त विषय पर अपना लेख लिखना होगा।
2. यह प्रतियोगिता 20 अंक की होगी ।
3. लेख की विषय वस्तु, उत्कृष्ट भाषा-शैली एवं विचारों की अभिव्यक्ति आदि के आधार पर अंक दिए जाएंगे।
4. जांचकर्ता के विवेकाधीन विषय केंद्रित लेख न होने पर नकारात्मक अंक दिए जा सकते हैं।
5. इस प्रतियोगिता की समय अवधि $1_{1/2}$ घंटा अर्थात् 90 मिनट रहेगी।

- **"हिंदी टिप्पण-आलेखन/पत्राचार" प्रतियोगिता:**

1. इस प्रतियोगिता में व्यावहारिक/कार्यालयी हिंदी, टिप्पण-आलेखन/पत्राचार एवं हिंदी-अंग्रेजी पर्याय आदि प्रश्न पूछे जाएगें।
2. यह प्रतियोगिता 50 अंक की होगी।
3. विकल्प आदि यदि कोई हो तो वह प्रश्न पत्र में ही उल्लेख किया जाएगा।
4. प्रतियोगिता की सीमा अवधि 2 घंटे अर्थात् 120 मिनट रहेगी।

05/09/24

- **"कंठस्थ ऐप प्रश्नोत्तरी एवं अनुवाद" प्रतियोगिता:**

1. इस प्रतियोगिता में कंठस्थ ऐप के उपयोग से संबंधित 20 लघु/वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे तथा हिंदी एवं अंग्रेजी के पैराग्राफ हिंदी से अंग्रेजी और/या विलोमत: अनुवाद हेतु दिए जाएंगे।
2. यह प्रतियोगिता 50 अंक की होगी।
3. प्रतियोगिता की सीमा अवधि 2 घंटे अर्थात् 120 मिनट रहेगी।

- **"हिंदी वाक्यांश एवं अभिव्यक्तियां लेखन" प्रतियोगिता:**

1. इस प्रतियोगिता में कार्यालय में बहुधा प्रयोग होने वाले शब्दों,वाक्यांशों,अभिव्यक्तियों एवं टिप्पणी का अंग्रेजी रूप दिया जाएगा जिसे हिंदी में लिखना होगा।
2. यह प्रतियोगिता 100 अंक की होगी।
3. इस प्रतियोगिता की समय अवधि 1 1/2 घंटा अर्थात् 90 मिनट रहेगी।

प्रतियोगिता संबंधी अन्य आवश्यक नियम:

- **एक प्रतिभागी एक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेगा किंतु एक से अधिक प्रतियोगिता में पुरस्कार हेतु पात्रता होने पर केवल उस प्रतियोगिता में पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें उसका उच्चतम पुरस्कार होगा। इस प्रकार एक प्रतिभागी केवल एक पुरस्कार ही प्राप्त कर सकेगा।**
- किसी भी प्रतियोगिता में दो या अधिक प्रतिभागियों के अंक समान होने की दशा में उच्चतम पुरस्कार विजेता को छोड़ कर अन्य सभी विजेताओं के लिए एक पूरक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसके आधार पर विजेता का निर्णय लिया जाएगा।
- प्रतियोगिता स्थल पर मोबाइल का प्रयोग वर्जित होगा।
- प्रतियोगिता के दौरान वार्ता करना अथवा किसी अन्य प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग वर्जित होगा।
- विजेताओं को उनकी पुरस्कार राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी।
- सभी प्रतियोगिताओं में जांचकर्ता का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

05/09/24

(संघ मित्र)
प्रशासनिक अधिकारी एवं
प्रभारी, राजभाषा प्रभाग

प्रतिलिपि :

1. सभी प्रभाग प्रमुख	-	कृपया अपने अधीनस्थ कार्मिकों को अधिक से अधिक प्रतिभागिता हेतु प्रोत्साहित करते हुए संबंधित प्रतिभागी कार्मिकों को निर्धारित समय पर प्रतियोगिता हेतु कार्यमुक्त करें।
2. सदस्य सचिव के निजी सचिव	-	सादर सूचनार्थ ।
3. प्रभाग प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग	-	केंद्रीय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु अनुरोध सहित।
4. परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट		

प्रशासनिक अधिकारी

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
निर्गत N 51291
दिनांक 5/9/2024